भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भागलपुर
INDIAN INSTITUTE OF INFORMATION TECHNOLOGY BHAGALPUR
(An Institute of National Importance under Act of Parliament)
BCE Campus, Bhagalpur-813210, Bihar, India
Ph: +91-8638661359, Email: registrar@iiitbh.ac.in

Ref No: IIITBH/REG/54/2023-24/ 632 | दिनांक: ०१/०२/२०२४

## आई आई आई टी भागलपुर अंतर्गत वृक्षों पर लगने वाले आम और अन्य फलों की नीलामी हेतु निविदा

निदेशक, आई आई आई टी भागलपुर की ओर से वर्ष २०२४ के लिए भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भागलपुर के बाग में लगे आम एवं अन्य वृक्षों पर लगने वाले फलों की नीलामी हेतु मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। इक्छुक निविदाकर्ता पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा दस्तावेज के प्रत्येक पेज की स्वहस्ताक्षरित प्रति दिनांक १२/०२/२०२४ को अपराह्न ०२ बजे तक संस्थान के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इसके उपरांत प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

Gaurav Kumar 01/02/24
प्रभारी कुलसचिव

Registrar In-charge
Indian Institute of Information Technology Bhagalpur
Bhagalpur-813210, Bihar

## आई आई आई टी भागलपुर अंतर्गत वृक्षों पर लगने वाले आम और अन्य फलों की नीलामी हेतु निविदा

निदेशक, आई आई आई टी भागलपुर की ओर से भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भागलपुर के बाग में लगे आम और अन्य वृक्षों पर लगने वाले फलों की नीलामी हेतु मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

### पात्रता संबंधी शर्तें:

1. निविदाकर्ता की वित्तीय स्थिति बेहतर होनी चाहिए। निविदाकर्ता के बैंक खाते में पिछले एक साल के किसी एक महीने में ०५ लाख रुपये होना चाहिए।

### निविदा संबन्धित अनिवार्य संलग्नक:

1. आधार कार्ड की छायाप्रति
2. पिछले एक साल का बैंक विवरण
3. निविदा दस्तावेज के प्रत्येक पेज की स्वहस्ताक्षरित प्रति

### नीलामी की नियम व शर्तें

1. यह नीलामी केवल वर्ष २०२४ के लिए संस्थान के लगभग ५०० वृक्षों पर उगने वाले फलों के लिए है।
2. निविदा प्रपत्र संस्थान के कार्यालय से मात्र ५०० रुपये का डिमांड ड्राफ्ट 'आई.आई.आई.टी. भागलपुर" के नाम से जो की भागलपुर में देय हो आवेदन शुल्क के रूप में जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। यदि कोई निविदाकर्ता संस्थान के वेबसाइट 'www.iiitbh.ac.in' से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करते हैं एवं संस्थान में जमा करते हैं तब उन्हें प्रपत्र जमा करते वक़्त मात्र ५०० रुपये का डिमांड ड्राफ्ट 'आई.आई.आई.टी.भागलपुर" जो की भागलपुर में देय हो के नाम से जमा करना अनिवार्य है, नहीं जमा करने की स्थिति में उनकी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
3. नीलामी मे भाग लेने के इच्छुक निविदाकर्ता को निविदा प्रपत्र के साथ रू. १०००००/- (एक लाख रुपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट 'आई.आई.आई.टी. भागलपुर" के नाम से बयाने के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है। जो भी निविदाकर्ता रू. १०००००/- (एक लाख रुपये मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट संलग्न नहीं करते हैं, उनकी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. इक्छुक निविदाकर्ता पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा दिनांक १२/०२/२०२४ को अपराह्न ०२ बजे तक संस्थान के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इसके उपरांत प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. प्राप्त निविदाएं उसी दिन संध्या ०४ बजे समिति के सामने खोली जाएंगी।
6. इच्छुक निविदादाता संस्थान के कार्य दिवसों में पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे के मध्य उक्त वृक्षों का भौतिक निरीक्षण कर सकते हैं।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

7. नीलामी सफल उच्चतम बोली लगाने वाले निविदादाता को दी जाएगी।
8. सफल निविदादाता को नीलामी की धनराशि संस्थान मे ड्राफ्ट या किसी अन्य डिजिटल भुगतान के माध्यम से नीलामी के दस दिनों के अंदर जमा करना होगा। अन्यथा की स्थिति मे बयाने की राशि जब्त कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।
9. सफल उच्चतम बोली लगाने वाले निविदादाता को नीलामी में प्राप्त वृक्षों के फलों को, नीलामी की धनराशि संस्थान मे जमा करने के उपरांत, तोड़ने व ले जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी।
10. नीलामी के पश्चात वृक्षों व फलों के रखवाली की ज़िम्मेदारी स्वयं निविदाकर्ता की होगी।
11. यदि निविदाकर्ता द्वारा वृक्षों को किसी प्रकार की हानि पहुचाई जाती है तो उसकी निविदा को तत्काल प्रभाव से रद्द करके उसके विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी।
12. असफल निविदाकर्ता को १००००० रुपये का डिमांड ड्राफ्ट जो की बयाने की राशि के रूप में जमा किया गया है वापस कर दिया जाएगा। सफल निवादाकर्ता के बयाने की राशि निविदा प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात सुरक्षा राशि के रूप में जमा कर ली जायेगी तथा यह राशि वर्ष २०२४ के नवम्बर महीने में सफल निविदाकर्ता को वापस की जाएगी।
13. सफल निविदाकर्ता प्राप्त नीलामी को उप-पट्टे पर नहीं दे सकता है। इस कार्यालय को निविदा के उप-पट्टे के बारे मे जानकारी होने की स्थिति में उक्त नीलामी रद्द कर दी जाएगी तथा पूरी जमा राशि जब्त कर ली जाएगी।
14. सफल निविदाकर्ता द्वारा वृक्षों तथा फलों के देखभाल एवं फलों को तोड़ने में लगाये गए मजदूरों का नाम और पहचान पत्र की एक प्रति संस्थान कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।
15. बिना कोई कारण बताये संस्थान के पास किसी एवं सभी निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है तथा निविदाकर्ता के पास इसको चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं होगा।
16. किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में अधिकार क्षेत्र भागलपुर की अदालतों तक सिमित रहेगा।

मैंने नीलामी संबधित उपरोक्त नियम एवं शर्ते पढ़ ली है तथा सभी पूर्ण रूप से मान्य है तथा इस नीलामी के संबद्ध में संस्थान निदेशक का निर्णय सभी निविदाकर्ताओं को समान रूप से मान्य है।

निविदा देने की तारीख:

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

निविदादाता का छायाचित्र

निविदादाता का पूरा नाम:

निविदादाता का पूरा पता:

मोबाइल नंबर:

ईमेल:

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

# <u>आई आई आई टी भागलपुर अंतर्गत वृक्षों पर लगने वाले आम और अन्य फलों की निविदा हेतु आवेदन पत्र</u>

<table>
<tr><td colspan="3">कार्यालय के लिए<br>1. पंजीकरण संख्या:<br>2. प्राप्त करने वाले व्यक्ति का नाम तथा हस्ताक्षर:<br><br>3. प्राप्ति दिनांक :</td><td>स्व हस्ताक्षरित<br>छायाचित्र</td></tr>
<tr><td>1.</td><td colspan="2">निविदाकर्ता का नाम</td><td></td></tr>
<tr><td>2.</td><td colspan="2">पिता/माता/पति/पत्नी का नाम</td><td></td></tr>
<tr><td>3.</td><td colspan="2">जन्म तिथि</td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="3">4.</td><td colspan="2">पत्राचार का पता</td><td>पिन कोड:</td></tr>
<tr><td colspan="2">मोबाइल नंबर:</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">ईमेल :</td><td></td></tr>
<tr><td>5.</td><td colspan="2">स्थाई पता:</td><td>पिन कोड:</td></tr>
<tr><td>6.</td><td colspan="2">उक्त नीलामी की धनराशि</td><td>अंको में:<br>शब्दों में:</td></tr>
<tr><td>7.</td><td colspan="3">आवेदन शुल्क:<br>a. ड्राफ्ट संख्या एवं दिनांक:<br>b. रकम:<br>c. जारीकर्ता बैंक:</td></tr>
<tr><td rowspan="4">8.</td><td colspan="3">संलग्नों का विवरण</td></tr>
<tr><td>a)</td><td colspan="2">आधार कार्ड:</td></tr>
<tr><td>b)</td><td colspan="2">पैन कार्ड:</td></tr>
<tr><td>c)</td><td colspan="2">१००००० रुपये का डिमांड ड्राफ्ट:</td></tr>
<tr><td>9.</td><td colspan="3">मुझे संस्थान द्वारा रखी गयी सभी शर्ते जिसमे निविदादाताओं की अस्वीकृति भी सम्मिलित है मान्य है।<br>निविदा देने की तारीख: निविदाकर्ता के हस्ताक्षर:<br>निविदादाता का पूरा नाम:<br>निविदादाता का पूरा पता:<br><br>मोबाइल नंबर:<br>ईमेल:</td></tr>
</table>

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर